1	2	3	4
5.	Dainik Sambad	9,329	92.59
6.	Ganraj	Not supplied	Not applied for
7.	Gana Sambad Patrika	Not supplied	,,
8.	Jagran	1,757	,,
9.	Manmanush	3,125	,,
10.	Janpad	1,250	,,
11.	Syandan	2,492	,,
12.	Tripura Darpan	5,043	,,
13.	Vivek	2,008	,,
	Published from Silchar		
1.	Pranta Jyoti	1,970	Not applied for
2.	Dainik Juga Sakti	2,200	14.70
3.	Jugasankna	3,843	8.71

सस्ते सिनेमा गृह बनाने के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान

386. **श्री लक्ष्मण कर्मा** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते सिनेमा गृह बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें वर्ष 1981-82 में ऐसे गृहों का निर्माण करने के लिए वित्तीय सहायता दी गई है;

(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव इस योजना को जनजाति क्षेत्रों में भी कार्यान्वित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो क्या यह योजना मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में भी कार्यान्वित की जायेगी ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री वसन्त साठे) : (क) और (ख) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, जो सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है, उपयुक्त स्थानों, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के स्थान भी शामिल हैं, में सिनेमाघरों के निर्माण हेतु ऋण देता है। ऋण देने की योजना के अन्तर्गत कलैंडर वर्ष 1981 में 25 ऋण आवेदन-पत्र मंजूर किए गए थे।

(ग) और (घ) जनजाति क्षेत्रों में सिनेमाघरों के निर्माण की कोई विशेष योजना नहीं है। तथापि, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम मध्य प्रदेश के बस्तर जिले सहित जनजाति क्षेत्रों में सिनेमाघर परियोजनाओं के लिए ऋण आवेदन-पत्रों पर गुण-दोष के आधार पर विचार कर सकता है।

बस्तर जिले को "माइक्रोवेव" संचार प्रणाली से जोड़ना

387. **श्री लक्ष्मण कर्मा** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने मध्य प्रदेश के बस्तर जिले को "माइक्रोवेव" दूर संचार प्रणाली से जोड़ने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है;